# वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक एफ0 सं0–11–268/2014 एफ0 सी0, दिनांक 11.07.2014 की बिन्दुवार आख्या

प्रमाणित किया जाता है कि–

1. **भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन** लि0 द्वारा मेरठ–बागपत रोड़ के **कि0मी0 53, (चैनेज नं0**– 52.500) के मध्य बांयी पटरी पर, **खसरा नं0**– 586 एवं 589, **ग्राम**– मलियाना, **तहसील**– सदर मेरठ, **जिला**–मेरठ (उत्तर प्रदेश) में नवीन रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण के लिए प्रेषित प्रस्ताव में प्रभावित होने वाली **0.055911 है0** संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु रिटेल आउटलेट के प्रवेश एवं निकासी मार्ग के मध्य से बफर स्ट्रिप की दूरी **7.67** मी0 है तथा सम्पर्क मार्गों तथा सेपरेटर आईलैण्ड का क्षेत्रफल **0.055911 है0** है जो निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, **मेरठ** के द्वारा अनुमोदित है जो मिनिस्ट्री ऑफ रोड़ ट्रान्सपोर्ट एवं हाईवे के द्वारा दी गयी गाईडलाइन्स के अनुरूप हैं तथा यह मार्ग निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, **मेरठ** के अधीन है।

2. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट **भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि0** द्वारा मेरठ–बागपत रोड़ के **कि0मी0 53, (चैनेज नं0**– 52.500) के मध्य बांयी पटरी पर, **खसरा नं0**– 586 एवं 589, **ग्राम**– मलियाना, **तहसील**– सदर मेरठ, **जिला**–मेरठ (उत्तर प्रदेश) में नवीन रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। प्रस्तावित स्थल पर कोई वृक्षों का पातन नहीं किया गया है।

3. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट पर पार्किंग, शौचालयों का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें रेस्टोरेन्ट, दुकान आदि का प्राविधान नहीं किया गया है।

4. मेरठ–बागपत मार्ग के इस भाग के निर्माण या चौड़ीकरण हेतु प्रस्ताव वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृति हेतु प्रकिया में नहीं है।

5. साइन बोर्ड स्थापित करते समय पटरी वृक्षारोपण को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचायी जायेगी।

6. भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि0 द्वारा स्वयं के व्यय पर पेट्रोल पम्प की दीवार से 1 से 1.5 मी0 के मध्य वृक्षारोपण किया जायेगा।

7. विधिवत् स्वीकृति जारी होने के पश्चात भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि0 द्वारा (CAMPA) मद में जमा की गयी धनराशि से प्रतिपूरक वृक्षारोपण कार्य किया जायेगा।

क्षेत्रीय ... अधिकारी
रिटेल ... (मेरठ)

एम. ब्रहमा (M. Brahma)
प्रबन्धक अभियांत्रिकी (रिटेल)
मेरठ रिटेल, टेरिटरी
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
आबू का मकबरा, केसरगंज, मेरठ (उ0प्र0)

कुमार अविनाश
भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि0
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
आबू का मकबरा, केसर गंज
मेरठ–250002 (उ0प्र0)

उप प्रभागीय वनाधिकारी
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मेरठ

(अदिति शर्मा)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मेरठ।